आनन्दनं मोदनं ज्योतिरिन्दोरेता उ वै मण्डला मण्डयन्ति ।। ४ ।।
तिस्रश्च रेखाः सदनानि भूमेस्त्रि - विष्टपास्त्रि-गुणास्त्रि-प्रकाशाः ।
एतत् पुरं पूरकं पूरकाणामत्र प्रथेते मदनो मदन्या ।। ५ ।।
मदन्तिका मानिनी मङ्गला च । सुभगा च सा सुन्दरी शुद्ध - मत्ता ।
लज्जा मतिस्तुष्टिरिष्टा च पुष्टा लक्ष्मीरुमा ललिता लालपन्ती ।। ६ ।।
इमां विज्ञाय सुधया मदन्ति । परिस्रुता तर्पयन्तः स्व-पीठम् ।
नाकस्य पृष्ठे महतो वसन्ति । परं धाम त्रैपुरं चाविशन्ति ।। ७ ।।
कामो योनिः कमला वज्र - पाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाऽभ्रमिन्द्रः ।
पुनर्गुहा सकला मायया च । पुरूच्येषा विश्व - माताऽऽदि - विद्या ।। ८ ।।
षष्ठं सप्तममथ वह्नि - सारथिमस्या । मूल - त्रिकमावेशयन्तः ।
कथ्यं कविं कल्पकं काममीशं । तुष्टुवांसो अमृतत्त्वं भजन्ते ।। ९ ।।
त्रि-विष्टपं त्रि-मुखं विश्व-मातुर्नव-रेखाः स्वर-मध्यं तदीले ।
वृहत्-तिथीर्दश-पञ्चादि-नित्या । सा षोडशी पुर-मध्यं विभर्त्ति ।। १० ।।
द्वा मण्डला द्वा स्तना बिम्बमेकं । मुखं चाधस्त्रीणि गुहा सदनानि ।
कामीं कलां काम्य-रूपां विदित्वा । नरो जायते काम-रूपश्च काम्यः ।। ११ ।।
परिस्रुतं झषमाद्यं पलं च । भक्तानि योनीः सु-परिष्कृतानि ।
निवेदयन् देवतायै महत्यै । स्वात्मीकृत्य सुकृती सिद्धिमेति ।। १२ ।।
सृण्येव सितया विश्व-चर्षणिः । पाशेन प्रति - बध्नात्यभीकान् ।
इषुभिः पञ्चभिर्धनुषा च विध्यत्यादि-शक्तिररुणा विश्व-जन्या ।। १३ ।।

भगः शक्तिर्भगवान् काम ईशः उभा दातारविह सौभगानाम् ।
सम-प्रधानौ सम-सत्त्वौ समोजौ तयोः शक्तिरजरा विश्व-योनिः ।। १४।।
परिस्रुता हविषा भावितेन प्र - सङ्कोचे गलिते वै मनस्कः ।
शर्वः सर्वस्य जगतो विधाता धर्ता हर्ता विश्व-रूपत्वमेति ।। १५।।
इयं महोपनिषत् त्रिपुरायाः यामक्षयं परमे गीर्भिरीट्टे ।
एषर्ग् - यजुः परमेतच्च सामेवायमथर्वेयमन्या च विद्या ॐ।।१६।।
।। ॐ ह्रीं ॐ ह्रीमिति त्रिपुरोपनिषत् ।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्री त्रिपुरोपनिषत् (हिन्दी-रूपान्तर)

वाणी मेरे **मन** में प्रतिष्ठित है। मेरा **मन-वाणी** में प्रतिष्ठित है। **वेद** का तत्त्व इन दोनों में स्थित है। मैंने **श्रुति** का जो अध्ययन किया है, उसे मैं अहर्निश मनन करता हूँ। मैं **ऋत** बोलूँगा, **सत्य** बोलूँगा। वह मेरी रक्षा करें, वह वक्ता की रक्षा करें।

तीन पुरों की जो **अधीश्वरी** हैं, जिसके **तीन पन्थ** हैं (**मुक्ति** ५ प्रकार की मानी गई हैं- **१ सालोक्य, २ सामीप्य, ३ सारूप्य ४ सायुज्य** और **५ कैवल्य**। इनमें से **सालोक्य** का एक मार्ग है और **कैवल्य** का एक। शेष तीन-**सामीप्य, सारूप्य** और **सायुज्य** का एक मार्ग है। इस प्रकार कुल मिलाकर **तीन मार्ग** हुए। **सालोक्य का मार्ग** है-अपने आश्रमोक्त कर्मों का **ऊर्ध्व-रेता** रहते हुए अनुष्ठान; मध्यम तीनों का मार्ग है-**प्रतीकोपासना, स्व-स्वाभिमान से उपासना** तथा **अहं-ग्रहोपासना**। **कैवल्य का मार्ग** है-**ब्रह्म-ज्ञान** अथवा **निर्गुणोपासना**), **विश्व** जिसकी **प्रजा** है, जो **अकारादि** १६, **ककारादि** १६ तथा **थकारादि** १६ अक्षर - रूपों में सन्निविष्ट है (यहाँ **'अ'** से आरम्भ करके **'अः'** तक १६ रूप हए, फिर **'क'** से आरम्भ करके **'त'** तक १६ रूप हुएं, फिर **'थ'** से आरम्भ करके **'स'** तक १६ रूप हुए। **'अकथा'** शब्द का यही अभिप्राय है। **'ह'** कार को इस गणना में इसलिए छोड़ दिया जाता है क्योंकि वह **विमर्श-स्वरूप** है। शेष वर्ण संयुक्ताकार होने से उनकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है)। जो **जरा-रहित** है, जो **जन्म - रहित** है, इसी (**त्रि-विन्दु-रूप त्रिपुरा**) का **देवताओं की महत्तरा महिमा** अधिष्ठान करती है, अर्थात् **ब्रह्मादि देवताओं की महिमा** का अधिष्ठान यही **त्रिपुरा** है।।१।।

वह **नौ योनियों** को, **नौ चक्रों** को, **नौ योगों** को, **नौ योगिनियों** को प्रकाशित करती है। वह **'स्योना'** (सुख-हेतु) **नौ चक्र-भूमियों, नौ मुद्राओं** और **नौ भद्राओं** की अधीश्वरी है।।२।।

वह सब **संसार की कारण-भूता** एक ही थी। फिर **विन्दु-चक्र-रूप नव-योन्यात्मक** थी। फिर **१९ प्रकार** की (**नव-योनियों** और **बहिर्दशार** के मेल से) हुई। फिर इन सबको

मिलाकर **उन्तीस प्रकार** की हुई। फिर वही देवी **४३ प्रकार** की हुई। वह कामना करती हुई **माता** की भाँति मेरे शरीर में प्रवेश करें।।३।।

पहले **स्थिति-चक्रोत्तर चक्रों** में **तमो-गुणात्मक अग्नि**-नामक **ज्योतिर्मण्डल** हुआ। (**'ऊर्ध्व-ज्वलत्'** विशेषण उसके अग्नि के ज्वाला-रूप को स्पष्ट करने के लिए दिया गया है।) उसके पश्चात् तिर्य्यक् रूप से फैलनेवाला **सूर्य-ज्योतिर्मण्डल** (रक्त-वर्ण होने के कारण) **रजो-गुण**-प्रधान हुआ। वह **अजर** था। उसके पश्चात् वैषयिक सुखोत्पादक **चन्द्र-ज्योतिर्मण्डल** हुआ। ये तीनों मण्डल (**अग्नि-मण्डल, सूर्य-मण्डल** और **चन्द्र-मण्डल**) **माता** को विभूषित करते हैं अर्थात् उसकी शोभा बढ़ाते हैं।।४।।

(इस ऋचा में **नवें भू-गृहात्मक चक्र** का उपदेश किया गया है।) **भूमि के सदन** की **तीन रेखाएँ** हैं। वे ही **त्रिभुवन - रूपा** हैं। वे **त्रिगुण - रूपा** हैं। **१ अग्नि, २ सूर्य, ३ चन्द्र**-इन तीन वृत्तों के प्रकाश से प्रकाशित हैं। यह **स-परिवार पर-देवता का निवास-स्थान चक्र-भक्तों के मनोरथों का पूरक** है। यह **शिव, विष्णु** आदि के मनोरथों का भी पूरक है। इस **श्री-चक्र** में **कामेश्वर शिव** (मदनः) और **शिव-काम-सुन्दरी** (मदन्या) अपनी किरण-रूपी **अणिमादि**-द्वारा **अनादि**-रूप का विस्तार करती हुई विलास कर रही हैं।।५।।

वह **देवी** पृथक् - पृथक् क्षेत्रों में **मदन्तिका, मानिनी, मङ्गला, सुभगा, सुन्दरी, शुद्ध - मत्ता, लज्जा, मति, तुष्टि, इष्टा, पुष्टा, लक्ष्मी, उमा, ललिता** और **लालपन्ती** नामों से अभिहित हैं। (**पद्म -पुराण** में **देवी - तीर्थों** की गणना करते हुए क्षेत्र - विशेष के आधार पर, **देवी** के कुछ नाम गिनाए हैं। यथा-**प्रयाग** में **ललिता देवी**, **लङ्का** में **मङ्गला**, **त्रिकूट** में **भद्र-सुन्दरी**, **करवीर**-देश में **महा-लक्ष्मी**, **विनायक**-देश में **देवी**, **देव-दास**-वन में **पुष्टि**, **काश्मीर** में **मेधा**, **वत्सेश्वर** में **तुष्टि** इत्यादि)।।६।।

पूर्वोक्त **पर-देवता** की विधि विशेष-पूर्वक जानकर, **दीक्षादि**-पूर्वक उपासना स्वीकार करके, **अपने शरीर से अभिन्न श्रीचक्र** में पीयूषी-कृत परिस्रुत द्रव से तृप्त करते हुए, जो भक्त **इन्द्रियों के विषयों को निर्विकल्प-रूप से भोगते** हैं, वे **महदाकाश** पृष्ठ पर स्थित **त्रिपुरा के धाम में निवास** करते हैं।।७।।

काम **(क)**, योनि **(ए)**, काम-कला **(ई)**, वज्र-पाणि **(ल)**, गुहा **(ह्रीं)**, हस **(ह, स)**, मातरिश्वा **(क)**, अभ्र **(ह)**, इन्द्र **(ल)**, पुनर्गुहा **(ह्रीं)**, सकला **(स, क, ल)**, मायया **(ह्रीं)**-यह **विश्व-माता पुरूची आदि-विद्या** है।।८।।

इस विद्या के **प्रथम तीन अक्षर** निकाल कर उनके स्थान पर छठा **(ह)**, सातवाँ **(स)** और 'वह्नि-सारथि' **(क)** रखकर जप करनेवाले **मोक्ष** के भागी होते हैं। वह **पर-शिव-**

कामना करनेवाला **काम**, विश्व-कल्पना का अधिष्ठान **(कल्पक)**, वेद-प्रणेता **(कवि)** और वेदों-द्वारा ज्ञातव्य **(कथ्य)** है।।९।।

नव रेखाओंवाले संहार-चक्र में **'अः'** स्वर का स्थान मध्य में है। इस **त्रि-मुख चक्र** को **त्रिपुर-सुन्दरी का निवास-स्थान** समझ कर मैं उसकी स्तुति करता हूँ। वह **त्रिपुर-सुन्दरी** पन्द्रह तिथियों के पति **(सूर्य)** की भाँति **श्री-चक्र** के मध्य में **निसर्ग-स्वर** के स्थान पर आसीन है।।१०।।

दो मण्डल, दो स्तन, एक बिम्ब-मुख, तीन भू-गृह (गुहा-सदन अर्थात् भू-पुर), **कामेश्वरात्मक मन्मथ-कला-युक्त कमनीय-स्वरूपा का ध्यान** करता हुआ मनुष्य **काम-देव** के समान सुन्दर हो जाता है।।११।।

मद्य, मांस, मत्स्य और ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि विविध जातियों की दृष्टादृष्ट संस्कारों द्वारा परिष्कृत योनियाँ **महा-देवी की सेवा** में निवेदित करके और उसके बाद स्वयं भी सेवन करके भक्त **सिद्धि** को प्राप्त कर लेता है।।१२।।

जो **'अभीक'** हैं अर्थात् इस मार्ग में **लोभ-बुद्धि** से अथवा **भोग-बुद्धि** से प्रवेश करते हैं, उनको प्राणि-मात्र का शुभाशुभ जाननेवाली वह **विश्व-जननी** आदि-शक्ति **तीक्ष्ण श्वेत पाश** से बाँधकर **धनुष** और **पाँच बाणों** से बेधती है।।१३।।

१ ऐश्वर्य, २ धर्म, ३ यश, ४ श्री, ५ ज्ञान और **६ विज्ञान**-इन छहों गुणों के आधार **कामेश्वर** तथा **देवी शक्ति** दोनों इस लोक में **धर्मार्थ-काम**-रूपी विविध फलों के देने वाले हैं; अर्थात् उस **देवी की उपासना** चाहे **स्त्री** - रूप में की जाए या **पुरुष** - रूप में की जाए, दोनों का फल एक जैसा होता है। दोनों - **कामेश्वर** और **कामेश्वरी** - समान रूप से प्रधान हैं क्योंकि **कामेश्वरी** का ध्यान करने में वह **शिव** के अङ्क में आश्रित होने के कारण उसका आधार **शिव** प्रधान हुए और **शक्ति - हीन** स्वयं कुछ करने में असमर्थ होने से **शक्ति** प्रधान हुई। दोनों समान सामर्थ्यवाले हैं। फिर भी इन दोनों समानों में **शक्ति-जरा-रहित** है और **संसार को उत्पन्न करनेवाली** है, अतः वह प्रधान हुई।।१४।।

मन्त्र-संस्कार द्वारा संस्कृत, हवि और मद्य के सेवन द्वारा **मन से सङ्कोच** के दूर हो जाने पर वह उपासक **विश्व-रूपत्व** को प्राप्त हो जाता है। वही **विधाता (ब्रह्मा)**, **धर्त्ता (विष्णु)** और **हर्त्ता (शिव)**-सब कुछ हो जाता है।।१५।।

यह **महोपनिषत्** उस **त्रिपुरा** का है, जिसकी स्तुति **अखण्ड ब्रह्म** भी **अकार, उकार, मकार** द्वारा किया करता है। यह **उपनिषद्-ऋग्वेद, यजुर्वेद, साम-वेद, अथर्व-वेद** तथा **अष्टादश विद्याओं** का सार-भूत है।।१६।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललितोपनिषत्

ॐ परम-कारण-भूता शक्तिः केन नव-चक्र-रूपो देहः। नव-चक्र-शक्ति-मयं श्री-चक्रं। पुरुषार्थाः सागराः। देहो नव-रत्ने द्वीपः। आधार-नवक-मुद्राः शक्तयः। त्वगादि-सप्त-धातुभिरनेकैः संयुक्ताः सङ्कल्पाः कल्प-तरवः। तेजः कल्पकोद्यानम्।

रसनया भासमाना मधुराम्ल-तिक्त-कटु-कषाय-लवण-रसाः षड्रसाः। क्रिया-शक्ति पीठं, कुण्डलिनी ज्ञान-शक्तिः, अहम् इच्छा-शक्तिः। महा-त्रिपुर-सुन्दरी ज्ञाता, होता, ज्ञानमर्घ्यं, ज्ञेयं हविः, ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेया। नमो भेद-भावनं श्री-चक्र-पूजनम्।

नियति-सहित-शृङ्गारादयो नव-रसाः। अणिमादयः काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य-पुण्य-पाप-मया ब्राह्म्यादयोऽष्ट-शक्तयः। आधार-नवक-मुद्रा शक्तयः। पृथ्व्यप्-तेजो-वाय्वाकाश-श्रोत्र-त्वक्-चक्षुर्जिह्वा-घ्राण-वाक्-पाणि-पाद-पायूपस्थ मनश्च विकाराः षोडश-शक्तयः। वचनादान-गमन-विसर्गानन्दादानोपादानोपेक्षा - बुद्धयोऽनङ्ग-कुसुमादि-शक्तयोऽष्टौ। अलम्बुषा-कुहू-विश्वोदरी-वरुणा-हस्ति-जिह्वा- यशस्विनी-गान्धारी-पूषा-सरस्वती-इडा-पिङ्गला-सुषुम्ना चेति चतुर्दश-नाड्यः सर्व-संक्षोभिण्यादि चतुर्दशार-देवताः।

प्राणापान-व्यानोदान-समान-नाग-कूर्म-कृकल-देवदत्त-धनञ्जया दश-वायवः सर्व-सिद्धि - प्रदादि बहिर्दशार - देवताः। एतद् - वायु - दशक - संसर्गोपाधि - भेदेन रेचक - पूरक - पोषक - दाहकाल्पावकामृतमिति प्राण - सख्यत्वेन पञ्च-विधोऽस्ति। जठराग्निर्मनुष्याणां मोहको भक्ष्य-भोज्य-लेह्य-चोष्यात्मकं चतुर्विधमन्नं पाचयति। तदा काश-वान् सकलाः सर्वज्ञत्वाद्यन्तर्दशार-देवताः।

शीतोष्ण - सुख - दुःखेच्छा सत्त्व - रजस्तमो - गुणादि वशिन्यादि - शक्तयोऽष्टौ। शब्द - स्पर्श - रूप - रस - गन्धाः पञ्च-तन्मात्राः पञ्च - पुष्प - बाणाः, मनेक्षु-धनुर्वल्यो वाणो, रागः पाशो, द्वेषो अंकुशोऽव्यक्त - महत् - तत्त्वाहङ्कार कामेश्वरी - वज्रेश्वरी-भग-मालिन्योऽन्तस्त्रिकोणाग्र -देवताः।

पञ्च - दश - तिथि - रूपेण कालस्य परिणामावलोकन पञ्च - दश - नित्या शुद्धानुरूपाधि - देवता निरुपाधि - सार्व - देव कामेश्वरी सदाऽऽनन्द - पूर्णाः स्वात्म्यैक्य-रूप-ललिता कामेश्वरी सदाऽऽनन्द-घन-पूर्णा स्वात्मैक्य-रूपा देवता ललितामिति।

साहित्य-करणं सत्त्वं कर्त्तव्यमकर्त्तव्यमिति भावना-मुक्ता उपचारा। अहं त्वमस्ति नास्ति कर्त्तव्याकर्त्तव्यमुपासितव्यानु - पासितव्यमिति विकल्पना। मनो-विलापनं होमः।

बाह्याभ्यन्तर - करणानां रूप - ग्रहण - योग्यतास्तीत्यावाहनं । तस्य बाह्याभ्यन्तर-करणानामेक-रूप-विषय-ग्रहणमासनं। रक्त-शुक्ल-पदैकी-करणं पाद्यं। उज्ज्वलदामोदाऽऽनन्दा सानन्दनमर्घ्यं। स्वछास्वतः शक्तिरित्याचमनं। चिच्चन्द्र-मयी स्मरणं स्नानं। चिदग्नि-स्वरूप परमानन्द-शक्ति-स्मरणं वस्त्रं। प्रत्येकं सप्त-विंशतिधा भिन्नत्वेन इच्छा - क्रियात्मक-ब्रह्म-ग्रन्थि-मयी स-तन्तु ब्रह्म-नाडी ब्रह्म-सूत्रं सव्यातिरिक्त-वस्त्रं। सङ्ग-रहितं स्मरणं विभूषणम्। स्वच्छन्द-परिपूर्ण-स्मरणं गन्धः। समस्त-विषयाणां मनःस्थैर्येणानु - सन्धानं कुसुमं। तेषामेव सर्वदा स्वीकरणं धूपः। पवनाच्छिन्नोर्ध्व- ज्वाला-सच्चिदाह्लादाकाश-देहो दीपः। समस्त-यातायात-वर्जनं नैवेद्यं। अवस्था-त्रयैकीकरणं ताम्बूलं। मूलाधारादाब्रह्म-रन्ध्र-पर्यन्तं ब्रह्मरन्ध्रादामूलाधार-पर्यन्तं गतागत - रूपेण प्रादक्षिण्यं। तुरीयावस्थानं संस्कार - देह - शून्यं प्रमादितावति - मज्जनं बलि - हरणं। सत्त्वमस्ति कर्त्तव्यमकर्त्तव्यमौदासीन्यमात्म - विलापनं होमः। भावना-विषयाणामभेद-भावना तर्पणं। स्वयं तत्-पादुका-निमज्जनं परिपूर्ण-ध्यानम्।

एवं मूर्ति-त्रयं भावनया युक्तो मुक्तो भवति। तस्य देवतात्मैक्य-सिद्धिः चितिकार्याण्यप्रयत्नेन सिध्यन्ति स एव शिव-योगीति कथ्यते।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दरी को नमस्कार॥

श्री ललितोपनिषत् (हिन्दी-रूपान्तर)

परम-कारण-भूता शक्ति द्वारा मानव शरीर-**नौ चक्र-रूपात्मक** बना है । **'श्री-चक्र'** इन्हीं **नौ चक्रों** की शक्ति से परि-पूर्ण है। **पुरुषार्थ** ही **सागर**-स्वरूप है और उसमें **शरीर-नौ रत्नों में स्थित द्वीप** के समान है। **मूलाधार** की **नौ मुद्राएँ** ही **शक्तियाँ** हैं । **त्वचा** आदि **सात धातुओं** से युक्त अनेक **सङ्कल्प** ही **कल्प-वृक्ष** हैं। **तेज-सुन्दर उपवन** है।

जिह्वा के द्वारा अनुभूत होनेवाले मधुर, अम्ल, तिक्त, कटु, कषाय और लवणात्मक स्वाद ही **छः रस** हैं। **क्रिया-शक्ति-पीठ** है, **ज्ञान-शक्ति-कुण्डलिनी** है और **इच्छा-शक्ति-**

अहङ्कार है। **ज्ञाता** और **होता-महा-त्रिपुर-सुन्दरी** हैं; **ज्ञान-अर्घ्य** है और **ज्ञेय** ही **हवनीय प्रदार्थ** है। **नमन-पूर्वक भेद-भावना** ही **श्रीचक्र का पूजन** है।

शृङ्गार आदि नौ रस हैं; **अणिमा** आदि, **काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य-पुण्य** और **पाप** तथा **ब्राह्मी** आदि **आठ शक्तियाँ** हैं; **मूलाधार** की **नौ मुद्राएँ** शक्तियाँ हैं। **पृथ्वी, जल, तेज, वायु** और **आकाश; श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा** और **घ्राण, वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ** और **मन के विकार-सोलह शक्तियाँ** हैं। **वचन, आदान, गमन, विसर्ग, आनन्द, आदान-उपादान, उपेक्षा** और **बुद्धि** ही **अनङ्ग-कुसुमादि आठ शक्तियाँ** हैं। **अलम्बुषा, कुहू, विश्वोदरी, वरुणा, हस्ति-जिह्वा, यशस्विनी, गान्धारी, पूषा, सरस्वती, इड़ा, पिङ्गला** और **सुषुम्ना** ये **नाड़ियाँ सर्व-संक्षोभिणी** आदि **चतुर्दशार की देवता** हैं।

प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और **धनञ्जय**-ये १० वायु **सर्व-सिद्धि-प्रदा** आदि **बहिर्दशार की देवता** हैं। इन्हीं १० वायुओं के सम्पर्क से उपाधि-भेद द्वारा **रेचक, पूरक, पोषक, दाहक** और **अल्पावकामृत** नाम से **प्राण** पाँच प्रकार का होता है। मनुष्यों की **जठराग्नि, भक्ष्य, भोज्य, लेह्य** और **चोष्य**-इन चार प्रकार के अन्नों का पाचन करती है। तभी **सर्वज्ञत्व** आदि **अन्तर्दशार के सभी देवता** प्रकाशमान होते हैं।

शीत, उष्ण, सुख, दुःख, इच्छा, सत्त्व, रज, तमो-गुण ही **वशिनी** आदि **८ शक्तियाँ** हैं। **शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध**-ये **५ तन्मात्राएँ- ५ पुष्प-वाण** हैं, **मन-ईख का धनुष** है, **वृत्तियाँ-बाण** हैं, **राग** (आसक्ति)-**पाश** है और **द्वेष-अंकुश** है। **अव्यक्त, महत्-तत्त्व** और **अहङ्कार** मध्यस्थ **त्रिकोण** की **कामेश्वरी, वज्रेश्वरी** और **भग-मालिनी देवता** हैं।

१५ तिथियों के द्वारा काल के परिणाम को देखनेवाली **१५ नित्याएँ** शुद्ध-स्वरूपा अधि-देवता हैं। उपाधि-रहिता **सर्व-देव-मयी कामेश्वरी** सदा आनन्द-पूर्णा हैं। साधक की अपनी आत्मा में मिली हुई स्थितिवाली **परिपूर्ण आनन्द-स्वरूपा ललिता कामेश्वरी** इष्ट-देवता हैं।

सहित करना-सामञ्जस्य करना ही **सत्त्व** है। **कर्तव्य** या **अकर्तव्य** इस भावना से मुक्त होना ही **उपचार** है। **'मैं'- 'तुम'** है, **कर्तव्य** या **अकर्तव्य** नहीं है, **उपासित** और **न उपासित**-यह **विकल्पना** है। **मन को विलय करना** ही **होम** है।

बाहरी और **भीतरी इन्द्रियों** की रूप - ग्रहण करने की योग्यता ही **आवाहन** है। साधक की **बाहरी** और **भीतरी इन्द्रियों** द्वारा **एक रूप-एक विषय का ग्रहण** करना ही

आसन है। **रक्त** और **शुक्ल**–इन दोनों पदों को एक करना **पाद्य** है। **उज्ज्वल आनन्द** से आनन्दित करना **अर्घ्य** है। **शक्ति की स्वच्छता–आचमन** है। **चिच्चन्द्र–मयी का स्मरण–स्नान** है। **चिदग्नि–स्वरूपा परमानन्द–शक्ति का स्मरण–वस्त्र** है। **इच्छा–क्रियात्मक ब्रह्म–ग्रन्थि–मयी ब्रह्म–नाड़ी– ब्रह्म–सूत्र** है। वही २७ प्रकार से भिन्न होकर **अतिरिक्त वस्त्र** है। **सङ्ग–रहित स्मरण** ही **आभूषण** है। **स्वच्छन्द परिपूर्ण स्मरण–गन्ध** है। **मन की स्थिरता द्वारा सभी विषयों का अनुसन्धान** करना–**पुष्प** है। **उन विषयों को सदा स्वीकार** करना–**धूप** है। पवन द्वारा उठी हुई **सच्चिदानन्द की ज्योति** ही **दीपक** है। सारे **आवागमन का त्याग–नैवेद्य** है। **तीनों अवस्थाओं को एक करना–ताम्बूल** है। **मूलाधार** से **ब्रह्म–रन्ध्र** तक और **ब्रह्म–रन्ध्र** से **मूलाधार** तक आना–जाना ही **प्रदक्षिणा** है। **तुरीय स्थिति** को प्राप्त **संस्कार–देह** से रहित होकर **परमानन्द** में डूबना **बलि** देना है। **कर्तव्य–अकर्तव्य की उदासीनता** से **आत्म–लय** कर मात्र **सत्त्व** ही है, यह भावना करना **होम** है। भावना के विषयों में **अभेद का विचार** रखना ही **तर्पण** है। अपने को **श्रीपादुका** में मग्न करना ही **पूर्ण ध्यान** है।

इस प्रकार **तीनों स्वरूपों की भावना** से युक्त होनेवाला मुक्त हो जाता है। उसे **देवता** और **आत्मा** के ऐक्य की सिद्धि बिना प्रयास के ही प्राप्त हो जाती है और वह **शिव–योगी** कहलाता है।

भगवती ललिता की स्तुति

पदाब्जों में तेरे भगवति! करूँ एक विनती,
अपर्णे! हो पूर्ण द्रुत वह दया से तव शिवे!
बसे तेरी मूर्ती मम हृदय में मन्त्र मुख में,
चरितों की गाथा सतत प्रविशे कर्ण–पुट में।।
तू ही काली तारा गल ललिता हारा जलधिजा,
शुभाङ्गी मातङ्गी अपिच भुवना षोडशि! शिवे!
कहावे तू धूमा जननि! बगला भैरव–प्रिया,
तू ही छिन्न–ग्रीवा सकल सुर 'योगीन्द्र' विनुते।।

–'कुल–मार्तण्ड' पं० योगीन्द्रकृष्ण दौर्गादत्ति शास्त्री

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

सिद्धि-यामलोक्त श्रीत्रिपुर-सुन्दरी स्तोत्रम्

श्वेत-पद्मासनारूढां, शुद्ध-स्फटिक-सन्निभाम्।
वन्दे वाग्-देवतां ध्यात्वा, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।१।।
शैलाधि - राज - तनयां, शङ्कर - प्रिय - वल्लभाम्।
तरुणेन्दु-निभां वन्दे, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।२।।
सर्व-भूत-मनोरम्यां, सर्व-भूतेषु संस्थिताम्।
सर्व-सम्पत्करीं वन्दे, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।३।।
पद्मालयां पद्म-हस्तां, पद्म-सम्भव-सेविताम्।
पद्म-राग-निभां वन्दे, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।४।।
पञ्च-वाण-धनुर्बाण-पाशांकुश-धरां शुभाम्।
पञ्च-ब्रह्म-मयीं वन्दे, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।५।।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी देवी का ध्यान करके **श्वेत पद्म** (कमल) के आसन पर विराजमान **शुद्ध स्फटिक-मणि** के समान प्रभावाली **वाग्-देवता** की वन्दना करता हूँ।।१।। **शैलाधिराज** (पर्वत-राज हिमालय) की पुत्री और **श्रीशङ्कर जी** की प्रिय वल्लभा, जो **तरुण चन्द्रमा** के समान प्रभावान् हैं, उन **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की मैं वन्दना करता हूँ।।२।। जो सभी भूतों (**मानव, दिव्य, अचेतन** आदि समस्त जीव-धारी) के लिए **अत्यन्त मनोरम** (मन को हरनेवाली, सुन्दर, सुघड़) हैं, जो समस्त भूतों में निवास करती हैं; जो **सभी प्रकार की सम्पत्ति** (भौतिक और आध्यात्मिक) करनेवाली (देनेवाली) हैं, उन **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।३।। जिनका आलय (घर) **पद्म** है, जो हाथों में **कमल** धारण करती हैं, जो **पद्म-सम्भव** (**ब्रह्माजी**) से सेवित हैं (पूजी जाती हैं), उन **पद्म-राग मणि** (लाल-माणिक्य) के समान वर्णवाली **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।४।। **पञ्च-वाण** (१ द्रावण, २ क्षोभण, ३ वशीकरण, ४ आकर्षण, ५ सम्मोहन), **धनुष, वाण, पाश** और **अंकुश** धारण करनेवाली, कान्ति-मयी, **पञ्च-ब्रह्म-मयी** (१ ब्रह्मा, २ विष्णु, ३ रुद्र, ४ ईश्वर और ५ सदा-शिव-मयी) **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।५।।

षट् - पुण्डरीक - निलयां, षडानन - सुपूजिताम्।
षट् - कोणान्तः - स्थितां वन्दे, देवीं त्रिपुर - सुन्दरीम्।।६।।
हरार्ध - भाग - निलयामम्बामद्रि - सुतां मृडाम्।
हरि - प्रियाऽनुजां वन्दे, देवीं त्रिपुर - सुन्दरीम्।।७।।
अष्टैश्वर्य - प्रदामम्बामष्ट - दिक् - पाल - सेविताम्।
अष्ट - मूर्ति - मयीं वन्दे, देवीं त्रिपुर - सुन्दरीम्।।८।।
नव - माणिक्य - मुकुटां, नव - नाथ - सुपूजिताम्।
नव - यौवन - शोभाढ्यां, वन्दे त्रिपुर - सुन्दरीम्।।९।।

काञ्ची-वास-मनोरम्यां, काञ्ची-दाम-विभूषिताम्।
काञ्ची-पुरीश्वरीं वन्दे, देवीं त्रिपुर-सुन्दरीम् ।।१०।।

षट्-पुण्डरीक (छः दलों का कमल अर्थात् **स्वाधिष्ठान** अथवा षट्-कमल अर्थात् **षट्-चक्र** यथा-१ मूलाधार, २ स्वाधिष्ठान, ३ मणिपूर, ४ अनाहत, ५ विशुद्ध और ६ आज्ञा-चक्र) में निवास करनेवाली, **षडानन** (कुमार कार्तिकेय) से पूजित और षट्-कोण के अन्तस् (भीतर) में स्थित **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।६।। **हर** (शिव) के आधे भाग में निवास करनेवाली **मृडानी** (पार्वती), जो **अद्रिसुता** (पर्वत-राज की पुत्री) हैं, **हरि-प्रिया** (लक्ष्मी) की अनुजा हैं, उन **जगदम्बा देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।७।। **आठ प्रकार के ऐश्वर्य** प्रदान करनेवाली **अम्बिका**, जिनकी सेवा **आठों दिक्-पाल** (१ इन्द्र, २ अग्नि, ३ यम, ४ निऋति, ५ वरुण, ६ वायु, ७ कुबेर तथा ८ ईशान) करते हैं, जो **अष्ट-मूर्ति-मयी** (१ शैली, २ दारु - मयी, ३ लोही, ४ लेप्या, ५ लेख्या, ६ सैकती अर्थात् रेत से निर्मित, ७ मनो-मयी और ८ मणि-मयी) हैं, उन **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।८।। **नवीन (उज्ज्वल) माणिक्य-रत्नों से बना मुकुट** धारण करनेवाली, **नव - नाथों** (१ प्रकाशानन्द-नाथ, २ विमर्शानन्द-नाथ, ३ आनन्दानन्द-नाथ, ४ ज्ञानानन्द-नाथ, ५ सत्यानन्द-नाथ, ६ पूर्णानन्द-नाथ, ७ स्वभावानन्द-नाथ, ८ प्रतिभानन्द-नाथ, और ९ सुभगानन्द-नाथ) के द्वारा भली प्रकार से पूजी गई, नव-यौवन से शोभिता **श्री-त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ।।९।। जिन्हें **काञ्ची-पुरी** में रहना अत्यन्त प्रिय है, जो **सुन्दर पुष्पों से निर्मित करधनी** से विभूषिता हैं अर्थात् धारण किए हैं और जो **काञ्ची-पुरी** की ईश्वरी(स्वामिनी) हैं, उन **देवी त्रिपुर-सुन्दरी** की वन्दना करता हूँ ।।१०।।

।। फल-श्रुति ।।

इति ते कथितं देवि!, सुन्दरी-प्रीति-दायकं। महा-निशा-काले पाठ-मात्रेण सिद्धिर्भवति।।१।।
एकादश-सहस्त्राणि, संख्या चास्य पुरस्क्रिया। ततः काम्यार्थे प्रयोगान्, साधयेत् साधकोत्तमः।।२।।
मारणं मोहनं वश्यं, स्तम्भनोच्चाटनादिकं। पाठ-मात्रेण सिद्ध्यन्ति, सत्यं सत्यं न संशयः।।३।।
निष्कामो यः पठेन्नित्यं, पञ्च-तत्त्व-समन्वितम्। धर्मार्थ-काम-मोक्षं च, लभते नात्र संशय।।
इह-लोके सुखं भुक्त्वा, चान्ते देवी-लोके वसेत् ।।४।।

।। सिद्धि-यामले श्रीत्रिपुर-सुन्दरी-स्तोत्रम् ।।

हे देवि, यह **त्रिपुर - सुन्दरी** की प्रीति (कृपा) देनेवाला स्तोत्र तुमसे कहा है। **महा-निशा-काल** में इसके पाठ-मात्र से सिद्धि मिलती है।।१।। **ग्यारह हजार** इसके पुरश्चरण की संख्या है अर्थात् **ग्यारह हजार पाठ** से इसका पुरश्चरण होता है, तब उत्तम साधक **काम्य प्रयोग** करे।।२।। **मारण, मोहन, वशीकरण, स्तम्भन, उच्चाटन** आदि केवल इसके पाठ-मात्र से सिद्ध हो जाते हैं। यह सत्य है, सत्य है, इसमें संशय नहीं ।।३।। जो **निष्काम** (केवल देवता की प्रीति चाहनेवाला) होकर **पञ्च- तत्त्वों** (१ मद्य, २ मांस, ३ मत्स्य, ४ मुद्रा और ५ मैथुन) सहित नित्य पाठ करता है, वह **धर्म, अर्थ, काम** और **मोक्ष** को पाता है, इसमें संशय नहीं। इस लोक में सुखों को भोगकर वह अन्त में **देवी-लोक** में निवास करता है।।१४।।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी सान्निध्य-स्तवः

क कल्प-भानु समान-भास्वर-धाम-लोचन- गोचरम्,
किं किमित्यति-विस्मिते मयि पश्यतीह समागताम् ।
काल-कुन्तल-भार-निर्जित-नील-मेघ-कुलां पुरः,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। १।।

ए एक - दन्त - षडाननादिभिरावृतां जगदीश्वरीम्,
एनसां परि-पन्थिनीमहमेक-भक्ति-मदर्चिताम् ।
एक-हीन-शतेषु जन्मसु सञ्चितात् सुकृतादिमाम्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। २।।

ई ईदृशीति च वेद - कुन्तल-वाग्भिरप्य निरूपिताम्,
ईश -पङ्कज-नाभ-सृष्टि-कृदादि-वन्द्य - पदाम्बुजाम्।
ईक्षणान्त - निरीक्षणेन मदिष्टदां पुरतोऽधुना,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। ३।।

ल लक्षणोज्ज्वल - हार-शोभि-पयोधर-द्वय-कैतवात्,
लीलयैव दया - रस-स्त्रवदुज्ज्वलत् - कलशान्विताम्।
लाक्षयाङ्कित - पादपाति - मिलिन्द - सन्ततिमग्रतः,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। ४।।

ह्रीं ह्रीमिति प्रति - वासरं जप - सुस्थिरोऽहमुदारया,
योगि - मार्ग - निरूढयैक्य-सुभावनां गतया धिया ।
वत्स! हर्षमवाप्त - वत्यहमित्युदार - गिरं पुरः,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। ५।।

ह हंस - वृन्दमलक्तकारुण - पाद -पङ्कज - नूपुर–
क्वाण - मोहितमादरादनु - धावितं मृदु शृण्वतीम्।
हंस - मन्त्र-महार्थ-तत्त्व-मयीं पुरो मम भाग्यतः,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। ६।।

स सङ्गतं जलमभ्र-वृन्द-समुद्भवं धरणी - धराद्,
धारया वहदञ्जसा भ्रममाप्य सैकत - निर्गतम्।
एवमादि - महेन्द्र-जाल-सुकोविदां पुरतोऽधुना,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमवलोकये ।। ७।।

क कम्बु-सुन्दर-कन्धरां कच-वृन्द-निर्जित-वारिदाम्,
कण्ठ-देश-लसत्-सुमङ्गल-हेम-सूत्र - विराजिताम्।
कादि - मन्त्रमुपासतां सकलेष्टदां मम सन्निधौ,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। ८।।

ह हस्त-पद्म-लसत्-त्रिखण्ड-सुमुद्रिकामहमद्रिजाम्,
हस्ति-कृत्ति-परीत-कार्मुक-वल्लरी-सम-चिल्लिकाम् ।
हर्यज-स्तुत-वैभवां भव-कामिनीं मम भाग्यतः,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। ९।।

ल लक्षणोल्लसदङ्ग-कान्ति-झरी-निराकृत-विद्युतम्,
लास्य-लोल-सुवर्ण-कुण्डल-मण्डितां जगदम्बिकाम् ।
लीलयाऽखिल-सृष्टि-पालन-कर्षणादि-वितन्वतीम्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १०।।

ह्रीं ह्रींमिति त्रिपुरा-मनु-स्थिर-चेतसा बहुधाऽर्चिताम्,
हादि - मन्त्र-महाम्बु-जात-विराजमान-सुहंसिकाम् ।
हेम-कुम्भ-घन-स्तनां चल-लोल-मौक्तिक-भूषणाम्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। ११।।

स सर्व-लोक - नमस्कृतां जित-शर्वरी-रमणाननाम्,
शर्व-देव-मनः-प्रियां नव-यौवनोन्मद-गर्विताम् ।
सर्व-मङ्गल-विग्रहां मम पूर्व-जन्म-तपो-बलात्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १२।।

क कन्द-मूल-फलाशिभिर्बहु - योगिभिश्च गवेषिताम्,
कुन्द - सुन्दर-दन्त-पंक्ति - विराजितामपराजिताम्।
कन्दमागम-वीरुधां सुर-सुन्दरीभिरिहागताम्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १३।।

ल ल-त्रयाङ्कित-मन्त्र-राट्-समलंकृतां जगदम्बिकाम्,
लोल-नील-सुकुन्तलावलि-निर्जितालि-कदम्बकाम् ।
लोभ-मोह-विदारणीं करुणा-मयीमरुणां शिवाम्,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १४।।

ह्रीं ह्रीं - पराख्य - महा - मनोरधि-देवतां भुवनेश्वरीम्,
हृत्-सरोज-निवासिनीं हर-वल्लभां बहु-रूपिणीम् ।
हार-कुण्डल - नूपुरादिभिरन्वितां पुरतोऽधुना,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १५।।

श्रीं श्रीं सु-पञ्च-दशाक्षरीमपि षोडशाक्षर-रूपिणीम्,
श्री-सुधार्णव-मध्य-शोभि-सरोज-कानन-चन्द्रिकाम् ।
श्रीगुह-स्तुत-वैभवां पर-देवतां मम सन्निधौ,
चक्र - राज - निवासिनीं त्रिपुरेश्वरीमहमाश्रये ।। १६।।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी विजय-स्तवः

क

कल्पान्तोदित-चण्ड-भानु-विलसद्-देह-प्रभा-मण्डिता,
कालाम्भोद-समान-कुन्तल-भरा कारुण्य-वरां निधिः ।
काद्यर्णाङ्कित-मन्त्र-राज-विलसत्-कूट-त्रयोपासिता,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १।।

ए

एतत्-प्राभव-शालिनीति निगमैरद्याप्यनालोचिता,
हेमाम्भोज-मुखी चलत्-कुवलय-प्रस्पर्धमानेक्षणा ।
एणाङ्कांश-समान-फाल-फलक-प्रोल्लासि-कस्तूरिका,
श्रीचक्राधि - निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। २।।

ई

ईषत्-फुल्ल-कदम्ब-कुण्डला महा-लावण्य-गर्वापहा,
स्निग्ध-स्वच्छ-सुदन्त-कान्ति-विलसन्मन्द-स्मिताऽलंकृता।
ईशित्वाद्यखिलेष्ट-सिद्धि-फलदा भक्त्या नतानां सदा,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ३।।

ल

लक्ष्यालक्ष्यावलग्न-देश-विलसद्-रोमावली-वल्लरी,
वृत्त-स्निग्ध-फल-द्वय-भ्रम-करोत्तुङ्ग-स्तनी सुन्दरी ।
रक्ताशोक-शुभ-प्रपाटल-दुकूलाच्छादिताङ्गी मुदा,
श्रीचक्राधि - निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ४।।

ह्रीं

ह्रीङ्कारी सुर-वाहिनी जल-गभीरावर्तनाभिर्घन—
श्रोणी-मण्डल-भार-मन्द गमना-काञ्ची-कलापोज्ज्वला ।
शुण्डादण्ड-सुवर्ण-वर्ण-कदली-काण्डोपमोरु-द्वयी,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ५।।

ह

हस्त-प्रोज्ज्वलदिक्षु-कार्मुक-लसत्-पुष्पेषु-पाशांकुशा,
ह्याद्यर्णाङ्कित - मन्त्र - राज-निलया हारादिभिर्भूषिता ।
हस्त-प्रान्त-रणत्-सुवर्ण-वलया हर्यक्ष-सम्पूजिता,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ६।।

स

संरक्ताम्बुज - पाद - युग्म - विलसन्मञ्जु-क्वणन्नूपुरा,
संसारार्णव - तारणैक - तरणिर्लावण्य - वारां निधिः ।
लीला-लोल-तमं शुकं मधुरया संलालयन्ती गिरा,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ७।।

क

कल्याणी करुणा-सार्द्र-हृदया कल्याण-सन्दायिनी,
काद्यर्णाङ्कित-मन्त्र-लक्षित-तनुस्तन्वी तमो-नाशिनी ।
कामेशाङ्क-विलासिनी कल-गिरामावास-भूमिः शिवा,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ८।।

ह हन्तुं दानव-पुङ्गवं रण-भुवि प्रोच्चण्ड-भण्डाभिधम्,
हर्यक्षाद्यमरार्थिता भगवती दिव्यां तनूमाश्रिता ।
श्रीमाता ललितेत्यचिन्त्य-विभवैर्नाम्नां सहस्रैः स्तुता,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ९।।

ल लक्ष्मीर्वाग-गजादिभिर्बहु-विधैः रूपैः स्तुताऽपि स्वयम्,
नी-रूपा गुण-वर्जिता त्रि-जगतां माता च चिद्-रूपिणी ।
भक्तानुग्रह - कारणेन ललितं रूपं समासादिता,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १०।।

ह्रीं ह्रीङ्कारैक - परायणार्त - जनता संरक्षणे दीक्षिता,
हार्दसं तमसं व्यपोहित-मलं भूष्णुर्हर - प्रेयसी ।
हत्यादि-प्रकटाघ-सङ्घ -दलने दक्षा च दाक्षायणी,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। ११।।

स सर्वानन्द - मयी समस्त - जगतामानन्द - सन्दायिनी,
सर्वोत्तुङ्ग-सुवर्ण-शैल-निलया सा सार-साक्षी सती ।
सर्वैर्योगि - चयैः सदैव विचिता साम्राज्य-दान-क्षमा,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १२।।

क कन्या-रूप-धरा गलाब्ज-विलसन्मुक्ता-लताऽलंकृता,
कादि - क्षान्तमनु -प्रविष्ट-हृदया कल्याण-शीलान्विता ।
कल्पान्तोद्भट-ताण्डव-प्रमुदिता श्रीकाम-जित्-साक्षिणी,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १३।।

ल लक्ष्या भक्ति-रसार्द्र-हृत्-सरसिजे सद्भिः सदाऽऽराधिता,
सान्द्रानन्द-मयी सुधाकर-कला-खण्डोज्ज्वलन्मौलिका ।
शर्वाणी शरणागताऽऽर्ति-शमिनी सच्चिन्मयी सर्वदा,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १४।।

ह्रीं ह्रीङ्कार-त्रय-सम्पुटाऽऽति-महता मन्त्रेण सम्पूजिता,
होत्री चन्द्र-समीरणाऽग्नि-जल-भू-भास्वन्नभो-रूपिणी ।
हंसः सोहमिति प्रकृष्ट - धिषणैराराधिता योगिभिः,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १५।।

श्रीं श्रीङ्काराम्बुज - हंसिकाऽऽश्रित-जन-क्षेमङ्करी शङ्करी,
शृङ्गारैक - रसाकरस्य मदनस्योज्जीविका - वल्लरी ।
श्रीकामेशरहः-सखी च ललिता श्रीमद्-गुहाऽऽराधिता,
श्रीचक्राधि-निवासिनी विजयते श्रीराज-राजेश्वरी ।। १६।।

श्रीत्रिपुर-सुन्दरी चक्र-राज-स्तोत्रम्

क

कर्तुं देवि! जगद्-विलास-विधिना सृष्टेन ते मायया,
सर्वानन्द-मयेन मध्य-विलसच्छ्री-विन्दुनाऽलंकृतम् ।
श्रीमद्-सद्-गुरु-पूज्य-पाद-करुणा-संवेद्य-तत्त्वात्मकम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १।।

ए

एकस्मिन्नणिमादिभिर्विलसितं भूमी-गृहे सिद्धिभिः,
वाह्याद्याभिरुपाश्रितं च दशभिर्मुद्राभिरुद्भासितम् ।
चक्रेश्या प्रकटेड्यया त्रिपुरया त्रैलोक्य-सम्मोहनम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। २।।

ई

ईड्याभिर्नव-विद्रुम -च्छवि-समाभिख्याभिरङ्गी-कृतम्,
कामाकर्षिणी कादिभिः स्वर-दले गुप्ताभिधाभिः सदा।
सर्वाशा-परि-पूरके परि-लसद्-देव्या पुरेश्या युतम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ३।।

ल

लब्ध-प्रोज्ज्वल-यौवनाभिरभितोऽनङ्ग-प्रसूनादिभिः,
सेव्यं गुप्त-तराभिरष्ट-कमले संक्षोभकाख्ये सदा ।
चक्रेश्या पुर-सुन्दरीति जगति प्रख्यातयासङ्गतम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ४।।

ह्रीं

ह्रीङ्काराङ्कित-मन्त्र-राज-निलयं श्रीसर्व-संक्षोभिणी,
मुख्याभिश्चल-कुन्तलाभिरुषितं मन्वस्त्र-चक्रे शुभे ।
यत्र श्री-पुर-वासिनी विजयते श्री-सर्व-सौभाग्यदे,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ५।।

ह

हस्ते पाश-गदादि-शस्त्र-निचयं दीप्तं वहन्तीभिः,
उत्तीर्णाख्याभिरुपास्य पाति शुभदे सर्वार्थ-सिद्धि-प्रदे ।
चक्रे बाह्य-दशारके विलसितं देव्या पूर-श्र्याख्यया,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ६।।

स

सर्वज्ञादिभिरिन्दु-कान्ति-धवला कालाभिरारक्षिते,
चक्रेऽन्तर्दश-कोणकेऽति-विमले नाम्ना च रक्षा-करे ।
यत्र श्रीत्रिपुर-मालिनी विजयते नित्यं निगर्भा स्तुता,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ७।।

क

कर्तुं मूकमनर्गल-स्त्रवदति-द्राक्षादि-वाग्-वैभवम्,
दक्षाभिर्वशिनी-मुखाभिरभितो वाग्-देवताभिर्युताम् ।
अष्टारे पुर-सिद्धया विलसितं रोग-प्रणाशे शुभे,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ८।।

ह

हन्तुं दानव-सङ्घमाहव भुवि स्वेच्छा समाकल्पितैः,
शस्त्रैरस्त्र-चयैश्च चाप-निवहैरत्युग्र-तेजो-भरैः ।
आर्त-त्राण-परायणैररि-कुल-प्रध्वंसिभिः संवृतम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ९।।

ल

लक्ष्मी-वाग-गजादिभिः कर-लसत्-पाशासि-घण्टादिभिः,
कामेश्यादिभिरावृतं शुभ-करं श्री-सर्व-सिद्धि-प्रदम् ।
चक्रेशी च पुराम्बिका विजयते यत्र त्रिकोणे मुदा,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १०।।

ह्रीं

ह्रीङ्कारं परमं जपद्भिरनिशं मित्रेश-नाथादिभिः,
दिव्यौघैर्मनुजौघ-सिद्ध-निवहैः सारूप्य-मुक्तिं गतैः ।
नाना-मन्त्र-रहस्य-विद्भिरखिलैरन्वासितं योगिभिः,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। ११।।

स

सर्वोत्कृष्ट - वपुर्धराभिरभितो देवी समाभिर्जगत्,
संरक्षार्थमुप - गताऽभिरसकृन्नित्याभिधाभिर्मुदा ।
कामेश्यादिभिराज्ञयैव ललिता - देव्याः समुद्भासितम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १२।।

क

कर्तुं श्रीललिताङ्ग-रक्षण-विधिं लावण्य-पूर्णां तनूम्,
आस्थायास्त्र-वरोल्लसत्-कर-पयोजाताभिरध्यासितम् ।
देवीभिर्हृदयादिभिश्च परितो विन्दुं सदाऽऽनन्ददम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १३।।

ल

लक्ष्मीशादि - पदैर्युतेन महता मञ्चेन संशोभितम्,
षट्-त्रिंशद्भिरनर्घ-रत्न-खचितैः सोपानकैर्भूषितम् ।
चिन्ता - रत्न - विनिर्मितेन महता सिंहासनेनोज्ज्वलम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १४।।

ह्रीं

ह्रीङ्कारैक-महा-मनुं प्रजपता कामेश्वरेणोषितम्,
तस्याङ्के च निषण्णया त्रि-जगतां मात्रा चिदाकारया ।
कामेश्या करुणा-रसैक-निधिना कल्याण-दात्र्या युतम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १५।।

श्रीं

श्रीमत्-पञ्च-दशाक्षरैक - निलयं श्रीषोडशी-मन्दिरम्,
श्रीनाथादिभिरर्चितं च बहुधा देवैः समाराधितम् ।
श्रीकामेश-रहस्सखी-निलयनं श्रीमद्-गुहाराधितम्,
श्री-चक्रं शरणं व्रजामि सततं सर्वेष्ट-सिद्धि-प्रदम् ।। १६।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिताम्बा-नीराजनम्

जय देवि!, जय देवि!, जय सुन्दरि तनये!, जय सुन्दरि ललिते! ।
शश्वद्-वसतिं कुरु भोरीश्वरि! मम हृदये।। जय देवि!, जगदम्ब!।

बिन्दु-त्रिकोण-सहितं षट्-कोणं वृत्तम् । तदुपरि वसु-दल-पत्रं वर्तुलमपि धत्तम् ।।
द्वि-गुणी-कृत-वसु-पत्रं मोहित-हर-चित्तं। द्वार चतुष्टय-निर्मित-यन्त्रोपरि तन्त्रम्।।

जय देवि!, जय देवि!, जय सुन्दरि तनये!, जय सुन्दरि ललिते! ।
शश्वद्-वसतिं कुरु भोरीश्वरि! मम हृदये।। जय देवि!, जगदम्ब!।।१।।

वामे कलशे पूजित - पूरितमाधारम् । तस्मिन्नर्पित-पूजित-पूरितमाधारम् ।।
एवं पञ्चावरणित-कर्णित-गुण-सारम् । मां देहि त्वं-भुवने! दुर्घट-संसारम् ।।

जय देवि!, जय देवि!, जय सुन्दरि तनये!, जय सुन्दरि ललिते! ।
शश्वद्-वसतिं कुरु भोरीश्वरि! मम हृदये।। जय देवि!, जगदम्ब!।।२।।

कलशामृत-जल-पूजित-नव-पात्र-समेतं । गणपति-योगिनी-बटुक-क्षेत्राधिप-युक्तम् ।।
अर्चन-विधिना सहितं श्रीगुरु-विधि-युक्तं, तारक-पण्डित-विद्या-भक्त्याऽखिल-दत्तम्।।

जय देवि!, जय देवि!, जय सुन्दरि तनये!, जय सुन्दरि ललिते! ।
शश्वद्-वसतिं कुरु भोरीश्वरि! मम हृदये।। जय देवि!, जगदम्ब!।।३।।

॥ श्रीललिता-त्रिपुर-सुन्दर्यै नमः॥

श्रीललिता-पुष्पाञ्जलि-स्तोत्रम्

ॐ समस्त-मुनि-यक्ष-किंपुरुष-सिद्ध-विद्याधर-
ग्रहा - सुर-सुराप्सरो-गण - मुखैर्गणैः सेविते!
निवृत्ति-तिलकाम्बरा-प्रकृति-शान्ति-विद्या-कला-
कलाप - मधुराकृते कलित एष पुष्पाञ्जलिः।।१।।
त्रिवेद-कृत-विग्रहे, त्रिविध-कृत्य-सन्धायिनि,
त्रिरूप - समवायिनि, त्रिपुर - मार्ग - सञ्चारिणि!
त्रिलोचन - कुटुम्बिनि, त्रिगुण - संविदुद्यत्-पदे,
त्रयि, त्रिपुर-सुन्दरि, त्रि-जगदीशि ! पुष्पाञ्जलिः ।।२।।

पुरन्दर - जलाधिपान्तक - कुबेर - रक्षोहर-
प्रभञ्जन - धनञ्जय - प्रभृति - वन्दनानन्दिते!
प्रवाल - पद-पीठिका-निकट-नित्य-वर्त्ति - स्वम्भू-
विरिञ्चि-विहित-स्तुते! विहित एष पुष्पाञ्जलिः ।। ३।।
यदानति-बलादहंकृतिरुदेति विद्या - वयस्तपो-
द्रविण - रूप - सौरभ - कवित्व - संविन्मयि!।
जरा-मरण-जन्मजं भयमुपैति तस्यै समाखिल-
समीहित - प्रसव - भूमि! तुभ्यं नमः ।। ४।।
निरावरण - संविदुद्भ्रम - परास्त - भेदोल्लसत्-
परात्पर - चिदेकता - वर-शरीरिणि, स्वैरिणि!।
रसायन - तरङ्गिणी - रुचि - तरङ्ग-सञ्चारिणि!,
प्रकाम - परिपूरिणि! प्रकृत एष पुष्पाञ्जलिः ।।५।।
तरङ्गयति सम्पदं तदनु-संहरत्यापदं
सुखं वितरति श्रियं परि-चिनोति हन्ति द्विषः।
क्षिणोति दुरितानि यत् प्रणतिरम्ब! तस्यै सदा शिवङ्करि!,
शिवे पदे, शिव - पुरन्ध्रि तुभ्यं नमः ।। ६।।
शिवे, शिव-सुशितलामृत-तरङ्ग-गन्धोल्लसन्नवावरण-देवते!,
नव-नवामृत- स्पन्दिनि! गुरु-क्रम-पुरस्कृते!, गुण-शरीर-नित्योज्ज्वले!,
षडङ्ग-परिवारिते! कलित एष पुष्पाञ्जलिः ।। ७।।
त्वमेव जननी पिता त्वमथ बन्धवस्त्वं सखा
त्वमायुरपरा त्वमाभरणमात्मनस्त्वं कलाः ।
त्वमेव वपुषः स्थितिस्त्वमखिला यतिस्त्वं गुरुः
प्रसीद परमेश्वरि! प्रणत-पात्रि, तुभ्यं नमः ।। ८।।
कञ्जासनादि-सुर-वृन्द-लसत्-किरीट-कोटि-प्रघर्षण-समुज्ज्वलदंघ्रि-पीठे!
त्वमेव यामि शरणं विगतान्यभावं दीनं विलोकय यदार्द्र-विलोकनेन ।। ९।।

भगवती श्री ललिता की आराधना

भारत में प्राचीन काल से **भगवती श्री ललिता-त्रिपुर-सुन्दरी की आराधना** प्रचलित है। '**ऋग्वेद**' के अनुसार '**लोपामुद्रा**' और **अम्भृण ऋषि** की कन्या '**वाक्**' ने **भगवती श्रीललिता की आराधना** की थी।

'**लोपामुद्रा**'–राज-कन्या थीं। आपमें पितृ-गृह में ही **परा-शक्ति भगवती ललिता** के प्रति भक्ति उत्पन्न हो गई थी। आपके पिता **त्रिपुरा** की मुख्य शक्ति '**भग-मालिनी देवी**' की उपासना करते थे। पिता की उपासना देखकर आपने भी **देवी** को प्रसन्न कर वर प्राप्त किया। आपके द्वारा **त्रिपुरा-विद्या** का उद्धार हुआ। अत: आपको **त्रिपुरा-विद्या** का **ऋषि** कहा गया।

'**अगस्त्य ऋषि**' ने पत्नी '**लोपामुद्रा**' से दीक्षित होकर **भगवती त्रिपुरा** की आराधना की।

ऋषि दत्तात्रेय, दुर्वासा ने **भगवती त्रिपुरा** की उपासना का विस्तार किया। **ऋषि दत्तात्रेय** ने '**त्रिपुरा-तत्त्व**' पर १८ हजार श्लोकों की '**दत्त-संहिता**' लिखी। **ऋषि दत्तात्रेय** से **भगवान् परशुराम** ने दीक्षा लेकर ५० खण्डों एवं ६ हजार सूत्रों में ग्रन्थ लिखा। **भगवान् परशुराम** के बाद इनके शिष्य **हारितायन सुमेधा** ने इस सम्बन्ध में '**संक्षिप्त-सार**', '**हारितायन संहिता**' एवं '**परशुराम कल्प-सूत्र**' नामक महत्त्व-पूर्ण ग्रन्थ लिखे, जिनके आधार पर आज तक **भगवती की आराधना** हो रही है। **महर्षि दुर्वासा** द्वारा रचित साहित्य लुप्त हो गया है, किन्तु आपका '**श्रीत्रिपुरा-महिम्न-स्तोत्र**' आज भी सुलभ है, जिससे स्पष्ट होता है कि आप '**त्रिपुरा-विद्या**' के महान् ऋषि थे। महा-भारत-काल के बाद **आदि-शङ्कराचार्य** के **परम-गुरु श्रीगौड़पाद आचार्य** ने **श्रीत्रिपुर-सुन्दरी की साधना** की और '**सुभगोदय**', '**श्रीविद्या-रत्न-सूत्र**' आदि महत्त्व-पूर्ण ग्रन्थों की रचना की। **परम-गुरु श्री गौड़पाद आचार्य** के बाद **आदि-शङ्कराचार्य जी** ने न केवल '**सौन्दर्य-लहरी**', '**श्रीललिता-त्रिशती-भाष्य**' जैसे प्रसिद्ध ग्रन्थों की रचना की, अपितु देश के चारों कोनों में '**मठ**' की स्थापना कर उनके द्वारा **श्रीत्रिपुर-सुन्दरी की आराधना** की विधि-वत् प्रतिष्ठा भी की।

आदि-शङ्कराचार्य द्वारा रचित '**सौन्दर्य-लहरी**' की **३५ टीकाएँ** प्राप्त होती हैं, इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि देश में आपके बाद **श्रीत्रिपुर-सुन्दरी की आराधना** की परम्परा कितनी विस्तृत हुई।

श्रीलक्ष्मी-धर ('सौन्दर्य-लहरी' की लक्ष्मी-धरा टीका), **श्रीपुण्यानन्दनाथ** (काम-कला-विलास), **श्रीनटनानन्दनाथ** (चिद्-वल्ली), **श्रीअमृतानन्दनाथ** (योगिनी-हृदय-दीपिका), **श्रीभास्करराय** (सेतु-बन्ध, वरिवस्या-रहस्य, सौभाग्य-भास्कर), **श्रीउमानन्दनाथ** (नित्योत्सव), **श्रीरामेश्वर सूरि** (सौभाग्य-सुधोदय), **श्रीपूर्णानन्द** (तत्त्व-चिन्तामणि, शाक्त-क्रम) आदि ऐसी महान् विभूतियाँ हमारे देश में हुईं, जिनके द्वारा **श्रीविद्या-साधना** का विकास हुआ।

रजि० सं० ३२९८१/५७

जगद्-गुरु श्रीशङ्कराचार्य जी द्वारा चारों दिशाओं में श्रीत्रिपुर-सुन्दरी की आराधना



श्री शृङ्गेरी मठ
(श्रीशारदा-पीठ)

श्री गोवर्धन मठ
(श्रीविमला-पीठ)

श्री द्वारका मठ
(श्रीभद्रकाली-पीठ)

श्रीज्योति मठ
(श्रीपूर्णागिरि-पीठ)

प्रकाशक : श्रीऋतशील शर्मा, श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-६ ☎ ०९४५०२२२७६७